पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0
(राज्यपाल सूचना परिसर)

———————

राज्यपाल ने महावीर जयंती की दी शुभकामनाएँ

———————

लखनऊः 09 अप्रैल, 2025

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने महावीर जयंती के पावन अवसर पर प्रदेश एवं देशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दी हैं।

राज्यपाल जी ने अपने संदेश में कहा है कि भगवान महावीर स्वामी का अहिंसा, सत्य, अपरिग्रह, अस्तेय और ब्रह्मचर्य का संदेश संपूर्ण मानवता के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने सत्य और अहिंसा को जीवन का मूल मंत्र मानते हुए पूरे विश्व को शांति, सहिष्णुता और करुणा का मार्ग दिखाया। भगवान महावीर के विचार आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं जितने कि प्राचीन काल में थे।

उन्होंने आशा व्यक्त की है कि महावीर जयंती का यह पावन पर्व सभी को शांति, सह–अस्तित्व और करुणा के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देगा तथा समाज में आपसी सद्भाव, सहिष्णुता एवं नैतिक मूल्यों को सुदृढ़ करेगा।

———————

सम्पर्क सूत्र
डॉ संगीता चौधरी–सूचना अधिकारी
9161668080